हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 13 मई 2024
[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

06 देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और बागली ...

07 ग्रामीण बोलेः साहब नेता आते हैं झूठे वादे कर ...


### विधानसभा आगर के 304 मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी पहुंचे, ग्रामीणों ने किया स्वागत

# विधानसभा क्षेत्र आगर के 2 लाख 35 हजार 367 मतदाता आज देंगे अपना वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-166 आगर (अजा) लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र देवास में चौथे चरण में 13 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे। विधानसभा क्षेत्र के 304 मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टी निर्वाचन सामग्री के साथ पहुंच चुकी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में सभी चुनावी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, अब मतदाताओ की बारी है, विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता अपना वोट देकर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाएं।

विधानसभा क्षेत्र आगर में 2 लाख 35 हजार 367 मतदाता हैं। जिसमें पुरूष मतदाता 1 लाख 20 हजार 732, महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 630 तथा 5 अन्य मतदाता शामिल हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने हेतु रिजर्व सहित 1336 मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई है। मतदानकर्मियों में आगर-मालवा जिले के अतिरिक्त देवास एवं शाजापुर के क्रमशः 100 व 83 मतदानकर्मियो को शामिल किया गया। विधानसभा क्षेत्र में 60 मतदान केन्द्र क्रिटीकल है, जिन पर सूक्ष्मता से निगरानी रखने के लिए 60 माईक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है।



#### कलेक्टर की अपील मतदान में आगर-मालवा को अव्वल लाएं

आगर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अपील की है कि 13 मई को हर एक मतदाता अपना वोट देकर आगर-मालवा को मतदान प्रतिशत में अव्वल लाएं। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सक्रिय भागीदारी करें। निर्भीक होकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में भाग लेवें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने हेतु सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं गर्मी से बचाव के लिए छाया, पानी, दवाइयां सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं मतदाताओं के लिए की गई है। साथ ही नगरीय क्षेत्र में पहले 100 मतदाताओं में से लक्की ड्रॉ के माध्यम से चयनित तीन मतदाताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दिन मतदाता अपने सारे काम छोड़कर पहले अपने वोट दें और शत-प्रतिशत मतदान कर जिले का गौरव बढ़ाएं।

#### मतदान केन्द्रों पर पहुंचने पर मतदानकर्मियों का हुआ स्वागत


लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत विधानसभा आगर में मतदान कराने के लिए जब मतदानकर्मी अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचे तो ग्रामीणों द्वारा पुष्पहार से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मतदान केन्द्रों पर जिला प्रशासन द्वारा मतदानकर्मियों के लिए की गई व्यवस्था और ग्रामीणों के स्वागत से गदगद हो गए।

## मतदान सामग्री लेकर मतदान दल उत्साह के साथ हुए रवाना, कलेक्टर-एसपी ने उत्साह बढ़ाया


लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र देवास के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-166, आगर(अजा) में 13 मई को मतदान संपन्न करवाने के लिए मतदान सामग्री के साथ सभी मतदान दल पूरे उत्साह से अपने मतदान केंद्रों के लिए चुनावी वाहनों में रवाना होकर पहुंचे। मतदान दलों को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। सभी पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपेट व अन्य मतदान सामग्री प्रदान की गई, जिसका मिलान करने के उपरांत मतदान दलों द्वारा निर्धारित रूट के चुनावी वाहनों में बैठकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

#### स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाएंः कलेक्टर

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मतदान दलों से मिलकर अग्रिम शुभकामनाए दी तथा उनका उत्साह बढ़ाया। कलेक्टर ने मतदानकर्मियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाएं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम सर्वेश यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनीषा कौल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।






### मतदाता जागरुकता रैली निकाली

## शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर कार्य करें : कौर




हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अभियान-ए -चुनाव : देश का पर्व, आगर करे गर्व। आओ मिलकर करे मतदान ... थीम की श्रंखला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सह अध्यक्ष (स्वीप) की उपस्थित व मार्गदर्शन में आगर शहर में मतदाता जागरूकता अभियान रैली नगर पालिका परिषद आगर के तत्वावधान में तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं एवं पेंशनर संघ, पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता से जन जागरूकता रैली का आयोजन 11 मई को शाम 5 बजे पुरानी कृषि उपज मंडी आगर से प्रारंभ होकर शहर के पुराना कोर्ट रोड, पुराना हॉस्पिटल, हाटपुरा, सर्राफा बाजार, छोटा बाजार, रातडिया तालाब, होते हुए छावनी स्थित झंडा चौक में उपस्थित जन समुदाय को अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता बढ़ चढ़ कर दिए जाने की अपील की ओर सभी को निष्पक्ष निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अतिथिगण ने आमजन व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीले चावल देकर 13 मई को होने



वाले मतदान के लिए सभी मतदाताओं बंधुओ से लोकतंत्र को सशक्त बनाने अपील करते हुए आमंत्रित किया। ओपी विजयवर्गीय नोडल, स्वीप जिला आगर मालवा ने बताया की यह रैली व शपथ आयोजन में सीईओ जिला पंचायत, सह अध्यक्ष स्वीप, हरसिमरनप्रीत कौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, निशा रेड्डी व जितेंद्र सेंगर एसीईओ, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रतन शर्मा, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यंत्र की खत्री, सीएमओ पवन फुलफकीर सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# मिर्ची हवन प्रतिबंध के बावजूद मां बगलामुखी मंदिर पर हो रहे मिर्ची हवन!




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर यज्ञशाला में मिर्ची से हवन करना प्रतिबंधित होने के बावजूद इस प्रकार के हवन हो रहे हैं। मंदिर प्रबंध समिति को इस ओर ध्यान देकर प्रतिबंधित मिर्ची हवन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाना चाहिए। वर्षों पूर्व मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्वास्थ्य पर विपरीत असर करने वाले मिर्ची हवन को मां बगलामुखी मंदिर परिसर एवं पार्क में स्थित यज्ञशाला में करने पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध के कुछ समय बाद से ही यदा कदा ऐसी शिकायतें मिलना प्रारंभ हो गई थीं कि चोरी छुपे ऐसे हवन या हवन में कुछ आहुति मिर्ची की दिलवाई जा रही हैं। लेकिन अब बहुतायात में ऐसे हवन फिर से होने लगे हैं। इसके सबूत यज्ञशाला में हवन सामग्री के साथ मिर्ची के बिखरे होने का है जिसे हर कोई जाकर देख सकता है। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा यज्ञशाला में सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। जिसे देखकर इसकी सच्चाई जान सकते हैं। इसके साथ ही यज्ञशाला की सफाई के लिए सफाईकर्मी लगा रखे हैं उनसे इस बारे में जानकारी लेकर प्रतिबंधित मिर्ची हवन करने वालों के खिलाफ वैद्यानिक कार्यवाही की जाना चाहिए।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने नुक्कड़ नाटक कर मतदान की अपील की





**आगर-मालवा।** पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा शनिवार को डे-केयर सेंटर आगर पर जिला कोषालय अधिकारी मनीष सिंह के निर्देशन एवं पेंशन अधिकारी प्रहलाद ढ़ोढ़रिया के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक में पेंशनरों ने मतदान क्यों जरूरी है का नाटकीय मंचन कर शत-प्रतिशत मतदान की अपील मतदाताओं से की। इस अवसर पर सभी पेंशनरों ने नैतिक मतदान की शपथ ली।

## गोस्वामी समाज ने जगतगुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव मनाया




**आगर मालवा।** बाबा बैजनाथ धाम मंदिर परिसर पर गोस्वामी समाज द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव मनाया। इस दिन सभी ने मिलकर जगतगुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पहार पहनाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष शिवगिरी गोस्वामी, हेमराज गिरी गोस्वामी, बाबा बैजनाथ के पुजारी मुकेश पुरी गोस्वामी, गोपाल गिरी गोस्वामी, गोविंद पुरी गोस्वामी सेमली ,रमेश भारती आगर, गोरधन गोस्वामी, अनिल गिरी गोस्वामी ,शिवगिरी गोस्वामी पीलवास, कालू गिरी गोस्वामी, बाबू गिरी गोस्वामी, कैलाश गिरी गोस्वामी, रामलाल भारती आदि उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत में 188 प्रकरणों का किया गया निराकरण

# 6 लाख 84 हजार 321 रुपए की अवार्ड राशि पारित हुई




हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 11 मई को जिला मुख्यालय तथा तहसील सुसनेर एवं नलखेड़ा न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुशवाह ने महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी कर्मचारी सहित अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मारू, जिला विधिक सहायता अधिकारी पूनम तिवारी उपस्थित थे।

#### नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने प्रेरित किया

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नवीन सिविल न्यायालय एवं तहसील न्यायालय सुसनेर एवं नलखेडा को मिलाकर 11 न्यायिक खंडपीठ गठित की गई थी। इसमें 188 प्रकरणों का निराकरण किया गया। करीब 6 लाख 84 हजार 321 रुपए की अवार्ड राशि पारित हुई। लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक, चौक अनादरण, श्रम, बैंक रिकवरी आदि से संबंधित मामले रखे गए। जिला प्राधिकरण शाजापुर के सचिव व जिला न्यायाधीश सिराज अली के अनुसार जिला आगर-मालवा अंतर्गत लोक अदालत में जिले में 1567 प्रकरण रखे गए। इनमें से 170 प्रकरणों का निस्तारण किया तथा 4 लाख 97 हजार 319 रुपए अवार्ड राशि पारित की गई। लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के 4230 प्रकरण रखे, जिनमें से 18 प्रकरणों का निस्तारण कर 11 लाख 14 हजार 2 रुपए के अवार्ड पारित किए। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 496 व्यक्तियों का लाभान्वित किया गया।

## 24 प्रकरणों का निराकरण कर 63 व्यक्ति को किया लाभान्वित




**नलखेड़ा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय नलखेड़ा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण द्वारा आपसी राजीनामे के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर न्यायधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष मोहित माधव द्वारा लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 42 प्रकरण लिए गए थे, जिसमें से 24 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया गया। प्रकरणों के निराकरण से 63 व्यक्ति लाभान्वित हुए तथा समझौते के आधार पर 22 लाख 32 हजार तीन सौ इक्कीस रूपये की राशि अदा की गई। इस न्यायालय में लंबित पति-पत्नी के विवाद का समझौते के आधार पर निराकरण किया गया जो विगत 9 वर्षों से लंबित थे। प्रिलिटिगेशन मामलों में स्टेट बैंक की ओर से एक प्रकरण का निराकरण किया गया। जिसमे 211000 रुपए की राशि की वसूली की गई। इस अवसर पर स्टेंट बैंक नलखेड़ा के ब्रांच मैनेजर प्रताप नारायण सिंह, बार कौंसिल अध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल, बार सचिव अरविंद शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार जैन सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर अवैध देशी मदिरा की जब्त



चापडा। 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए बागली विधानसभा में मतदान होना है।इससे एक दिन पूर्व करनावद क्षेत्र से बड़ी मात्रा में आबकारी विभाग ने शराब जप्त की है।आबकारी विभाग अधिकारी प्रेम कुमार यादव ने बताया कि, मुखबिर से सूचना मिली थी कि करनावद में एक घर में अवैध शराब कि पेटियां रखी हुई है। उसी के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब जप्त कि गई है।करनावद क्षेत्र में भाजपा के एक कद्दावर नेता की शराब की दुकान संचालित होती है। ऐसे में बड़ी मात्रा में शराब मिलना चुनावी माहौल की ओर संदेह पैदा कर रही है। पूर्व में भी एक बार चुनाव के दौरान चापड़ा में भाजपाइयों द्वारा अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक वाहन जप्त किया गया था। इस दौरान उक्त भाजपा नेता की शराब की दुकान चापड़ा में संचालित हो रही थी। हालांकि गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में भी कार्यवाही रोकने के लिए भाजपा नेताओं द्वारा प्रयास किया गया था, लेकिन असफल रहे। कलेक्टर के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन वृत्त बागली ब में टीम ने करनावाद में आरोपी के खेत पर बने मकान में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब रखी हुई थी, जहां पर दबिश देकर 45 पेटी कुल 405 बल्क लीटर देशी शराब जप्त की गई। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 57 हजार 500 बताया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव , राजकुमारी मंडलोई, निधि शर्मा, डी पी सिंह, विजय कुचेरिया, उमेश स्वर्णकार, दिनेश भार्गव आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया, बालकृष्ण जायसवाल,दीपक,गोविंद,आशीष गुप्ता, नितिन सोनी,भगत परते,विकास ,एवं अन्य स्टॉफ सम्मिलित रहे।

### देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र के लिए आज होगा मतदान, प्रत्याशियों की किस्मत होगी ईवीएम में कैद

# देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और बागली विधानसभा में सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के हैं व्यापक इंतजाम



## कलेक्टर गुप्ता ने जिले के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खण्डवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को सुबह 07 बजे से सांय 06 बजे तक मतदान होगा। प्रजातंत्र के उत्सव में सभी मतदाता बढ़-चढ़कर भाग ले और अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, हर मतदाता अपने घर से निकले और जागरूक मतदाता की तरह नैतिक मतदान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना जरूरी है। मतदाता मतदान कर अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, शत प्रतिशत मतदान हो सकें। मतदाताओं से अपील है कि वे निष्पक्ष होकर स्वयं के विवेक से मतदान करें। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। मतदान के लिए आदर्श और पिंक



मतदान केन्द्र बनाये गये है।

### मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम में चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खण्डवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को सुबह 07 बजे से सांय 06 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित कर मतदान केन्द्रों के लिए बस से रवाना किया गया। बैंक नोट प्रेस देवास में कलेक्टर ऋषव गुप्ता और प्रेक्षक श्री बालाजी द्वारा पूरे समय उपस्थित रह कर देवास और हाटपीपल्या के लिए मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर गुप्ता ने मतदान दलों से संवाद कर उन्हें सफलतापूर्वक मतदान कराने के लिए शुभकामनाएं दीं। मतदान सामग्री वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, एआरओ देवास बिहारी सिंह, हाटपीपल्या प्रवीण प्रजापति सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र के लिये एक-एक टेबल लगाई गई, ताकि मतदान कर्मी आराम से बैठकर मतदान सामग्री प्राप्त कर सकें और सामग्री का मिलान कर सकें। सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दल भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित



रहा। विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और बागली में मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन में मतदान केन्द्रों पर नजर रखने, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित मतदान के लिए उड़नदस्ते, एसएसटी एवं पुलिस नाकों की व्यवस्था की गई हैं। आने-जाने वाले वाहनों की विशेष निगरानी रखी जा रही हैं।

## खंडवा लोकसभा के लिए मतदान दल हुए रवाना



चापडा। खंडवा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली बागली विधानसभा में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूर्ण कर रविवार को 297 दल को बागली मुख्यालय पर से मतदान सामग्री के साथ दालों को रवाना किया। भीषण गर्मी के चलते चिलचिलाती धूप में मतदान दल के कर्मचारी सामग्री लेकर मतदान दलों के लिए रवाना हुए। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आनंद मालवीया, तहसीलदार नीरज प्रजापति की उपस्थिति में मतदान दलों को सामग्री वितरण की गई, और बस के माध्यम से अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। 13 मई को बागली विधानसभा के 297 मतदान केंद्रों पर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। जिसमें 49 केंद्र संवेदनशील बनाएं गए हैं। 14 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे जहां पर मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था होगी। इस लोकतंत्र के महायज्ञ में बागली विधानसभा में 2 लाख 55 हजार 878 मतदाता अपने मत की आहुति देगे। जिसमें पुरुष 1 लाख 30 हजार 685, महिला 1 लाख 25 हजार 189 एवं अन्य 4 मतदाता मतदान करेंगे। मतदान दल कि पहली बस रूट नम्बर 6 चापडा मतदान केन्द्रों के लिए 10:10 बजे रवाना हुए। एवं दल कि आखरी बस 12:12 बजे रवाना हुई। भीषण गर्मी के दौरान कर्मचरी पीने के पानी के लिए परेशान होते नजर आए, मतदान दलों के लिए बसें जहां खड़ी थी वहां पर पीने के पानी की व्यवस्थान नहीं होने के कारण मतदान दल के कर्मचारीयों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उत्कृष्ट विद्यालय से सभी दलों को रवाना किया गया। जहां पर निर्वाचन में लगी ड्यूटी को कैंसिल करने के लिए कई कर्मचारी प्रयास करते हुए नजर आए। हालांकि कई कर्मचारियों ने ड्यूटी भी कैंसिल कराई। किसी ने प्रशासनिक पहचान ,तो किसी ने राजनीतिक पहचान के चलते चुनाव ड्यूटी कैंसिल करवाई। निर्वाचन सामग्री वितरण के दौरान ड्यूटी जाते हुए, महिला कर्मचारियों का अलग अंदाज देखने को मिला। महिला कर्मचारी मतदान सामग्री के साथ सेल्फी ले रही थी।

**दरिंदे पति ने ससुराल में पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या की:** देवास/कन्नौद। ग्राम ननासा में सनकी पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं उसने अपने वृद्ध ससुर और मासूम बच्ची पर भी कुल्हाड़ी से वार किया। वघोड़ाबढ़ सिमरोल निवासी 42 वर्षीय छतरसिंह उर्फ मांगीलाल पिता डूडिया अपने ससुराल ग्राम ननासा आया हुआ था। इस बीच रविवार रात करीब 1.30 बजे उसने 38 वर्षीय पत्नी गुलबाई की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार किया।

## ग्राम इकलेरा में ग्रामीणों ने समस्याओं से परेशान होकर किया मतदान का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




ग्राम पंचायत इकलरा में किसानों की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। रविवार के दिन मतदान के बहिष्कार की जानकारी होने के बावजूद कोई भी जम्मेदार अधिकारी इकलेरा नहीं पहुंचा। रविवार को किसानों ने बताया कि अभी तक कोई भी अधिकारी ग्रामीणों से बात करने के लिए नहीं आए हैं। सभी ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया है। यह जारी रहेगा। शनिवार की रात्रि में ग्राम इकलेरा में सभी ग्रामीणों ने प्रत्येक मोहल्ले में रैली निकाल कर मतदान के बहिष्कार की अपील की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जब प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी है , कि इकलेरा के ग्रामीण जन मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं, तो उनसे जाकर मिले उनकी समस्या सुने, और इसका समाधान निकाले। यह प्रयास कि सीने भी नहीं किया। इससे यह भी जाहिर होता है, कि जिम्मेदार प्रशासनिक अमला मतदान हो या ना हो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

## जिलाधीश के नेतृत्व में निकली गई मतदाता जागरूकता रैली पहली बार बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स ने की मतदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो सके इसलिए जिलाधीश और जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति नोडल अधिकारी द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर स्वीप प्रभारी स्मिता रावल के संयोजन में एक संयुक्त विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर खेड़ापति, तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, टावर चौक, शालिनी रोड, नाहर दरवाजा होते हुए भोपाल चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के प्रारंभ में पुलिस बाइकर्स चल रहे थे। उनके पीछे बैंड फिर शिक्षक बाइकर्स फिर स्केटिंग करता हुआ नन्हें स्केटर्स का दल जिसमें संदीप जाधव, पावन पाटिल, पवन यादव, चेतन राठौड़, राजवीर ठाकुर, अक्षत राठौर, रश्मि ठाकुर, अर्शिल शेख, दिव्यांश गुप्ता, कनिष्क महाजन, हितेष राठौर, ऋत्विक जाधव, पंखुड़ी राठौड़ गणेश विजयवर्गीय, विहान चौहान और झील शर्मा सम्मिलित थे। इनके पीछे जम्प रोप दल के सदस्य स्वराज पाटिल, तनिष्का राव, तनुश्री दुबे, शीतल परमार, आदित्य मालवीय, श्रुतिका जसोना, ऐश्वर्या सेंगर, गौतम राठौर, रेहा शेख और यश मालवीय रस्सी कूदते हुए चल रहे रहे थे। इनके पीछे साइक्लिस्ट एसोसिएशन के सदस्य काजल कुमावत, रेशमा खान, आशीष गुप्ता, अभिषेक लाठी, गौरव कदम, शैलेन्द्र, अजय पंडित, के.पी.एस राठौड और अंशुमन सक्सेना सइक्लिंग कर रहे थे। प्रमुख चौराहों पर स्केटर्स ओर साइक्लिस्ट द्वारा सर्कल भी बनाया गया। इनके पीछै रैली का नेतृत्व करते हुए स्वयं जिलाधीश ऋषव गुप्ता और सीईओ हिमांशु प्रजापति एक खुली जीप में सवार थे। रैली में जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, सहायक संचालक शिवनंदन प्रजापति, बीईओ अजय सोलंकी, उत्कृष्ट प्राचार्य सुधीर सोमानी, राधाबाई प्राचार्य राजश्री काले, चिमनाबाई प्राचार्य रूचि व्यास, नूतन प्राचार्य अशोक साहू, मिर्जा मुशाहिद बेग सहित बड़ी संख्या में शिक्षक ओर शिक्षिकाएं अपने वाहनों से चल रहे थे। स्वीप दल के स्मिता रावल, डॉ. रजनीश पोरवाल और प्रसून पंड्या के साथ जय हिन्द सखी मंडल की छात्राएं भी रैली में सम्मिलित थीं।

### न्यायालय प्रांगण में वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत हुई आयोजित

# प्रकरणों का निराकरण कर 6 करोड़ 95 लाख के अवार्ड पारित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवावर्ष की द्वितीय 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया गया। प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मधुसूदन मिश्र के मार्गदर्शन में 11 मई शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर इस वर्ष की द्वितीय 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मधुसूदन मिश्र द्वारा दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश मधुसूदन मिश्र ने संबोधित कर लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रेरित किया। नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, विद्युत अधिनियम, एनआईएक्ट, चैक बाउन्स, श्रम मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बीएसएनएल आदि विषयक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय देवास एवं तहसील स्तर पर सोनकच्छ, कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द एवं बागली में 31 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया।

मधुसूदन मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश, दिनेश प्रसाद मिश्र लोक अदालत प्रभारी/विशेष न्यायाधीश एवं अभिलाषा एन. मवार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विद्युत कंपनी, नगर निगम, बैंक, बीएसएनएल, बीमा कंपनी के स्टॉल पर जाकर तथा खंडपीठों का भ्रमण कर समस्त संबंधित अधिकारीगण को लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण के निराकरण हेतु प्रेरित किया गया।

राजीनामा करने वाले पक्षकारगण को स्मृतिस्वरूप फलदार और फूलों के पौधे भेंट किये गये एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों की जानकारीअभिलाषा एन. मवार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में संपूर्ण जिले में गठित 31 न्यायिक खंडपीठों में न्यायालयों के लंबित प्रकरणों में आपराधिक प्रकरण 203, चैक बाउन्स 118, फैमेली मेटर्स 42, विद्युत 124, विविध 70, सिविल के 17, क्लेम के 40 प्रकरण कुल 614 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें राशि रू. 51203581/- अवार्ड की गई और 1415 लोग लाभांवित हुए। निराकृत 40 क्लेम प्रकरणों में राशि 13360000 रुपये के अवार्ड आपसी समझौते के आधार पर पारित किए गए।

नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के 118 प्रकरण निराकृत हुए जिनमें 19708611 रुपए के चैकों की राशि में सेटलमेंट किया गया। 1628140 रूपये की राशि के 17 सिविल प्रकरणों का निराकरण हुआ। 862 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया है जिसमें 18315639 रुपये राशि के अवार्ड पारित किए गए है एवं 958 व्यक्ति लाभांवित हुए हैं। आयोजित लोक अदालत के दौरान न्यायाधीश, पक्षकार और कर्मचारी उपस्थित थे।

## हाईवे मार्ग पर गलत तरीके से बने स्पीड ब्रेकर के कारण फिर हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर चापड़ा अमरपुरा के बीच में नवनिर्मित अस्पताल के सामने गलत तरीके से बने स्पीड ब्रेकर के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं, जिसमें दो युवकों की मौत भी हो गई। रविवार की सुबह एक बार फिर एक कार हादसे का शिकार हो गई।जानकारी के अनुसार कार चापड़ा से हरदा की ओर जा रही थी। इस दौरान उक्त स्पीड ब्रेकर के कारण हादसे का शिकार हो गई। कार के आगे एक डंपर चल रहा था, तभी स्पीडब्रेकर के कारण डंपर चालक को अचानक से ब्रेक लगाने पड़े ,इसी दौरान पीछे कार चल रही थी, अचानक ब्रेक में चलते कार डंपर में जा टकराई। इस दौरान पीछे भी एक डंपर आ रहा था, चालक कुछ समझ पता तब तक पीछे से कार में टक्कर लग गई। दोनों तरफ से टक्कर लगने के कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई । सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड चापड़ा आरक्षक राहुल लवंशी, पायलट संजय उपाध्याय मौके पर पहुंचे ओर जाम खुलवाया। हालांकि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि हुई है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता को लेकर घर-घर किया जागरूक




**आष्टा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में आष्टा को अच्छी रैंक लाने के लिए नगर पालिका परिषद आष्टा व सहयोगी संस्था एवीएस कंसल्टेंसी सर्विसेस की टीम के द्वारा वार्ड-16 सेमनरी रोड आदर्श कॉलोनी में घर-घर जाकर महिलाओं को 2 डस्टबिन घर पर बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गीला कचरा और सूखा कचरे को उदाहरण सहित बताया। उन्होंने रहवासियों को बताया कि किचन से निकली खाद सम्रगी, खराब फल, प्याज़, सब्जी के छिलके, घास, पेड़ पौधों की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना हरी सब्जियां हरा धनिया आदि गीला कचरा है इसे अलग रखें और पन्नी,पॉलिथीन, अखबार, प्लास्टिक, लोहा, कपडा,सोल, पैकेजिंग मटेरियल, टूटे हुए खिलौने आदि सूखा कचरा है इसे अलग रखें। सभी रहवासियों और महिलाओं को गीले कचरे से अपने घर पर खाद बनाने के लिए भी प्रेरित किया गया कि आप अपने घर पर गीले कचरे से मटका या गड्ढा बना कर जैविक खाद बना सकते हैं। जिससे कि हम घर पर ही घर से निकलने वाले गीले कचरे का निपटान कर सकते हैं।

### मतदाताओं ने ली शपथ हम सब डालेंगे वोट



**आष्टा।** बूथ चले अभियान के तहत मतदान केंद्र 149 प्राथमिक शाला डोराबाद पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई और लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बीएलओ मदन परमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा नामदेव, आशा कार्यकर्ता अनु मेवाड़ा, संगीता मालवीय, आंगनवाड़ी सहायिका कविता मालवीय व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### शिवखेड़ी के ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार, सौंपा ज्ञापन

# ग्रामीण बोले: साहब नेता आते हैं झूठे वादे कर चले जाते हैं, समस्या हल नहीं करते

कोठरी क्षेत्र के ग्राम शिवखेड़ी से चुपाड़िया मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण ना होने के कारण ग्राम वासियों द्वारा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

चुनावी दौर में उम्मीदवार ऐसे घोषणावीर बन जाते हैं की भोली भाली जनता को दिन में सपने दिखा जाते है और चुनाव खत्म होते ही घोषणावीर गायब हो जाते है। बात करे पिछले विधानसभा चुनाव की या लोकसभा चुनाव की क्षेत्र की जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि कसमें वादे कर के भूल गए। जानकारी अनुसार आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत बोरखेड़ा में आने वाले ग्राम शिवखेडी के ग्रामीणों ने लोकसभा में होने वाले मतदान का बहिष्कार कर दिया है। शिवखेड़ी के ग्रामीणों का कहना है की यह कि ग्राम के बालक बालिकाओं को अपनी हाई स्कूल व उच्च शिक्षा अध्ययन के लिये ग्राम चुपाड़िया एवं आष्टा जाना पड़ता है उक्त रास्ता कच्चा एवं उबडखाबड होने के कारण बारिश में नदी नालों के कारण बालक बालिकाएँ सही ढंग से अपनी शिक्षा अध्ययन नहीं कर पाते है।

किसानों को अपना अनाज आष्टा मंडी लाने में 30 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पडता है। यह कि ग्राम की गर्भवती महिलाओं को कच्चा मार्ग होने के कारण प्रसुति में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है रास्ता कच्चा होने से कई महिलाओं की मृत्यु तक भी हो चुकी है।यह कि किसानों को अपना अनाज आष्टा मंडी लाने में 30 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पडता है अगर उक्त 3 किलो मीटर का सड़क का निर्माण हो जाता है तो सीधे आष्टा आने में मात्र 14 किलोमीटर का मार्ग तय करना होता है।यह कि ग्राम में उक्त सड़क निर्माण ना होने के कारण समस्त ग्राम पिछड़ेपन की ओर जा रहा है। रास्ता सही ना होने के कारण कई लोग दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है एक्सीडेंट भी हो चुके है तथा कई अपंगता के शिकार हो चुके है।

### 5 साल में सांसद ने कोई सौगात नहीं दी

विधानसभा चुनाव में गोपाल सिंह इंजीनियर ने कसम खा कर कहा था की आपके ग्रामीण तक का पहुंच मार्ग बनेगा लेकिन इतना समय समय बीत जाने के बाद भी इस और ध्यान नहीं दिया गया। इसके साथ ही कहा की आज तक भाजपा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी हमारे ग्राम में नहीं आए और अगर आते तो उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चलता। वही सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के द्वारा पिछले 5 वर्षो के कार्यकाल में कोई एक भी बड़ी सौगात आष्टा क्षेत्र को नहीं दी जिससे आष्टा क्षेत्र का विकास हो और क्षेत्र के नागरिक आगे बड़े, क्योंकि ये नेता बस चुनावो में ही दिखते हैं,

### ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हर तरह की मूलभूत सुविधाओं का वादा करते है और चुनाव होते ही ऐसे गायब हो जाते है जैसे हम आष्टा विधानसभा के नागरिक ही नही है। ग्रामीणों ने आष्टा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स्वाति मिश्रा को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई की। ग्राम शिवखेड़ी से चुपाड़िया मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण ना होने के कारण ग्राम वासियों द्वारा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जा रहा है।

### आवागमन में होती है परेशानियां

हमारे ग्राम शिवखेड़ी से मुख्य मार्ग चुपाडिया की दूरी लगभग 3 किलो मीटर है एंव मुख्य मार्ग से जुडने वाला रास्ता कच्चा है जिसके कारण सभी ग्रामवासियों को हमेशा आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। बालक बालिकाओं को अपनी हाई स्कूल व उच्च शिक्षा अध्ययन के लिये ग्राम चुपाड़िया एवं आष्टा जाना पड़ता है उक्त रास्ता कच्चा एवं उबडखाबड होने के कारण बारिश में नदी नालों के कारण बालक बालिकाएँ सही ढंग से अपनी शिक्षा अध्ययन नहीं कर पाते है। ग्राम की गर्भवती महिलाओं को कच्चा मार्ग होने के कारण प्रसुति में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है रास्ता कच्चा होने से कई महिलाओं की मृत्यु तक भी हो चुकी है। किसानों को अपना अनाज आष्टा मण्डी लाने में 30 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पडता है अगर उक्त 3 किलो मीटर का सड़क का निर्माण हो जाता है तो सीधे आष्टा आने में मात्र 14 किलोमीटर का मार्ग तय करना होता है। ग्राम में उक्त सड़क निर्माण ना होने के कारण समस्त ग्राम पिछडापन की ओर जा रहा है। रास्ता सही ना होने के कारण कई लोग दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है ऐक्सीडेंट भी हो चुके है तथा कई अपंगता के शिकार हो चुके है।हम समस्त ग्रामवासी उपरोक्त समस्याओं के कारणों से होने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करते है तथा जब तक हमारी समस्याओं का ठोस निराकरण नहीं होता तब तक हमारा चुनाव बहिष्कार जारी रहेगा।



**इनका कहना है**

शिवखेड़ी का रोड स्विकृित नहीं है। मैं जाकर ग्रामीणों से भी बात की है जब स्विकृिति मिलेगी तभी बनेगा।

**अन्वेष प्रताप सिंह,** पीडब्ल्यूडी अधिकारी

# तेज हवा-आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ नुकसान

**पेड़ हुए जमीदोज, टीनशेड उड़े**




**खाचरोद।** तेज हवा आंधी से गिरी मकान की दीवार, पशु की हुई मौत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शुक्रवार को तेज हवा आंधी के साथ बारिश हुई। जिससे क्षेत्र के कई गांव में आंधी तूफान के कारण कई पेड़ धराशाई हो गए। वहीं कई गांव में कच्चे मकानों की दीवारें गिर गई व ऊपर लगे चद्दर के सेट उड़ गए। ग्राम रोला गांव के राम मंदिर में लगा चद्दर का सेट धरासाही हो गया वही ग्राम पंचायत जसुपुरा अंतर्गत आने वाले ग्राम बरखेड़ी में याकूब पिता करीम खान का ईट का मकान पूरी तरह धारा साही हो गया। जिसमें रखा घर गृहस्ती का सामान गेहूं, कुलर, गोदरेज, वाशिंग मशीन, कपड़े, बिस्तर व ऊपर लगा चद्दर का सेट उड़ गया। दीवाल के गिरने से घर में बंधी बकरी की भी दर्दनाक मौत हो गई। जिससे गरीब को काफी नुकसान हुआ। ग्राम के सरपंच डॉक्टर इदरीश खान ने बताया कि बरखेड़ी में याकूब खान का मकान पूरी तरह नष्ट हो गया। साथ ही घर में रखा घर गृहस्ती का सामान भी पूरी तरह खत्म हो गया। जिससे याकूब खान को काफी नुकसान हुआ है। हमने इस बारे में कल ही पटवारी को अवगत कराया था। लेकिन पटवारी अभी तक मौके पर नहीं पहुंचा है। हमारी मांगे की जल्दी से जल्दी याकूब खान के घर का मौका मुआना करवा कर उसकी आर्थिक मदद की जाए।



### भाजपा कार्यकर्ताओं का किया स्वागत



**आष्टा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष मनीष धारवा और नगर के महामंत्री पवन वर्मा बूल्लुने अभी-अभी कांग्रेस से भाजपा में आए नीलम सोनी और राधेश्याम सोनी का भारतीय जनता पार्टी में आने पर सफा पहनकर व पुष्प माला से स्वागत किया।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए घर-घर पहुंचकर दिया निमंत्रण, शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम बमुलिया रायमल में लगातार प्रयास किया जा रहा है कि शत प्रतिशत मतदान ही लोकतंत्र को मजबूत बनाता है लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है अधिक से अधिक मतदान किए जाने के लिए पंचायत सचिव ओमप्रकाश आर्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा, सहायक सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, बिएलओ, आशा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मतदान किए जाने हेतु अपील कर शपथ दिलाई, और अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# तेज गर्मी होने के बावजूद भी नेशनल लोक अदालत रही सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला व तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ सतीश चंद्र शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीष व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा न्यायालय परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर व ए.डी.आर सेंटर में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुमन श्रीवास्तव, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश संजय गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम.के. वर्मा, अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी, एलडीएम, सत्यसांई विश्वविद्यालय से फेकल्टी सदस्य व आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, एनजीओ के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्यालय सीहोर के पैनल व अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, खंडपीठ सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण, पक्षकारगण न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेन्टियर्स आदि उपस्थित रहे। राजीनामा करने वाले सभी पक्षकारों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पौधे भी वितरित किए गए।



### प्रकरणों का हुआ निराकरण

लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 23 खण्डपीठें गठित की गई है। उक्त खण्डपीठों में नेषनल लोक अदालत मे आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कराये जाने हेतु न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम में लंबित कुल 4929 प्रकरण रखे गये थे जिनमे से 481 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर होकर समझौता राषि 156356024/- रूपया जमा कराई गई। इसी प्रकार लोक अदालत की खण्डपीठ के समक्ष कुल 17691 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 528 प्रकरणों का निराकरण होकर समझौता राशि 15165054/- रूपया जमा कराई गई। लोक अदालत में कुल 1009 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें रूपये 1,71,521,078/- समझौता राशि जमा हुई।

### अलग दंपति को हार-फूल माला पहनाकर किया विदा

लोक अदालत में अनिल कुशवाह द्वारा अपनी पत्नि झंकार कुशवाह के विरूद्ध कुटुम्ब न्यायालय में धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम हेतु मामला प्रस्तुत किया गया था। दोनो का विवाह 2010 में सम्पन्न होकर उनकी तीन संताने है। पति-पत्नि के मध्य छोटी-मोटी पारिवारिक बातों व घर में शौचालय नही होने को लेकर मतभेद हो गए, जो कि विवाद में परिवर्तित होकर अलगाव की स्थिति निर्मित हो गई। उक्त प्रकरण में पारिवारिक मामला तथा छोटे बच्चां के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय द्वारा लोक अदालत में समझाइश के पश्चात दोनो पक्षों ने राजीनामा कर साथ जाने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय एवं सम्बंधित विभाग के माध्यम से पक्षकारों के घर में शौचालय बनवाने हेतु कार्यवाही का भी आश्वासन दिया गया।

### मतदान करने आशा-आगंनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर दे रही दस्तक

# पीले चावल देकर मतदान करने दिए जा रहे निमंत्रण






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने और सीहोर जिले में 100 प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई के अपना वोट अवश्य डालें, महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक घर जाकर मतदाताओं को अपने मत का उपयोग करने और 100 प्रतिशत मतदान करने हेतु पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। वार्ड एक में बीएलओ वीरेंद्र जैन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता पांचाल, सहायिका संगीता मालवीय के द्वारा समस्त घरों पर पीले चावल देकर सत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। निर्वाचन आयोग का आमंत्रण पाकर सभी मतदाताओ ने वोट डालने व अपने साथियों को भी वोट अवश्य डालने प्रेरित किया। इसी के साथ ही आयोग की इस पहल की सराहना की। देवास विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

# सोशल वेलफेयर ब्राह्मण समाज के सम्मेलन में चार जोड़ों का हुआ विवाह, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के मानस भवन में अखंड ब्राह्मण समाज ने शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम, बालक-बालिकाओं का सम्मान समारोह भी रखा। इस अवसर पर समाज के चार जोड़ों का विवाह समारोह भी संपन्न हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा ने दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का सम्मान समारोह पुरस्कार वितरण का आयोजन रखा गया।

बता दे कि स्थानीय मानस भवन में ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के 4 नवयुगलों आकर्षक रथों पर सवार किया गया था। शोभायात्रा का समापन मानस भवन में हुआ वैदिक मंडल के सदस्यों द्वारा चारों विधि विधान से विवाह संपन्न कराया। विवाह समारोह में क्षेत्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए, जिसमें बालक-बालिकाओं ने फैंसी ड्रेस, नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाठक,यदुनंदन शास्त्री, भवानीशंकर शर्मा, यूएन तिवारी, संजय तिवारी, ऊषा तिवारी,समाज अध्यक्ष मनीष पालीवाल, निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, महिला मंडल अध्यक्ष वंदना भारद्वाज, मोना शर्मा ,परिणय महोत्सव अध्यक्ष धर्मेंद्र गोतम, निलेश कुमार शर्मा ,संजीव दीक्षित आदि उपस्थित है।



## खनिज विभाग की अनदेखी से जिले में जोरों से चल रहा अवैध रेत खनन का कारोबार

# 5 से ज्यादा पोकलेन व जेसीबी अकेले टोडी और नाईहेड़ा में कर रही है अवैध खनन

## नरसिंहगढ़ के शिवपुरा, संडी साका श्यामजी में चल रहा रेत का अवैध खनन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

लोकसभा चुनाव में अधिकारियों की व्यस्ततता का लाभ जितना अवैध रेत खनन माफियाओं ने उठाया है उतना शायद ही किसी और ने उठाया हो। जिले में हर जगह माफियाओं में प्रशासन का खौफ खत्म हो चला है और वह अपनी मन मर्जी से अवैध खनन में जुटे हुए हैं। ब्यावरा जनपद के टोडी में 5 से ज्यादा पोकलेन अभी भी बेखौफ काम कर रही हैं।

यही हाल राजगढ़ में आने वाली नाईहेड़ा पंचायत के हैं। सारंगपुर भी इससे अछुता नहीं रहा। यहां पर भी मुरम से लेकर रेत का खनन किया जा रहा है। पिछले दिनों अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग अधिकृत है लेकिन जिले में खनिज विभाग के अधिकारी कभी कभार सड़कों पर दिखाई देते हैं। पूरे जिले में प्रतिदिन अवैध खनन की खबरें प्रकाशित होती हैं। खबर प्रकाशन के बाद संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी कार्यवाही करने के लिए निकलते हैं तब तक खनन माफिया रफूचक्कर हो जाते हैं। कभी कभार खनन माफिया राजस्व अधिकारी के चंगुल में आ जाते हैं और कभी कभी खनिज विभाग भी इन पर कार्यवाही कर देता है। लेकिन इक्का दुक्का कार्यवाही से खनन माफियाओं को कोई फर्क नहीं पड़ता अवैध खनन से लाखों रुपए की आमदनी होती है। इतना ही नहीं खनन माफिया अपने रसूख और साठगांठ बताकर अपना व्यापार खुलेआम चला रहे हैं। अवैध खनन से धरती एवं नदी नाले का सीना छलनी हो रहा है। जगह जगह अवैध तरीके से मुरम, रेत, बजरी निकालने का काम जोरों पर है।

हमारे संवाददाता ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया तो पता चला की रेशम केंद्र की जमीन हो या कालीसिंध नदी, कई नदी, नेवज नदी सहित कई नदी नाले की हर कहीं तत्कालीन खुदाई के निशान मिल रहे हैं। किनके इशारे पर इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है यह तो खनन माफिया ही बता सकते हैं। लेकिन अवैध खनन पर कब रोक लगेगी यह बताने वाले भी कोई नहीं है।

### अकेले टोडी में ही चालू हैं कई खनन पाइंट

सुठालिया के टोडी में ही 5 से अधिक पाइंट ऐसे हैं जहां पर माफियाओं द्वारा अवैध खनन जारी है। लगातार चलती पोकलेन शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचाने में दिन रात लगी हुई है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कार्रवाई करनी आवश्यक हो गई है।

### बड़ी-बड़ी मशीनों से धड़ल्ले से चल रहा अवैध रेत का कारोबार



जिले की नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम शिवपुरा धाकड़, सुंडी साका श्याम जी में लगातार अवैध रेत का होता है। पार्वती नदी को दिन, रात रेत माफिया द्वारा छल्ली किया जा रहा है, बड़ी-बड़ी जेसीबी बड़ी कंप्लेन मशीनों से धड़ल्ले से अवैध रेत का कारोबार चलता रहता है। दिन हो या रात कोई रोकने वाला नहीं है। खुलेआम अवैध रेत का व्यापार रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि नहीं है उन्हें किसी भी प्रशासनिक अधिकारी का खौफ।

### बिना रायल्टी के ही सप्लाई हो रही है सारंगपुर से मुरम

*एक ट्रॉली मुरम की कीमत 800 रुपए से 1000 रुपए तक है। वहीं एक ट्रॉली रेत की कीमत 4 से 5 हजार रुपए तथा बजरी 2 से 3 हजार रुपए में डाली जा रही है। रेत, बजरी, मुरम के बिना कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। नगर एवं आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मकान दुकान सड़क नाली पुल पुलिया आदि के कार्य चल रहे हैं, लेकिन इन कामों पर लगने वाली सामग्री बिना रॉयल्टी के आ रही है।*

### संबंधित पटवारी की लापरवाही या मिलीभगत ?

*क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कार्य जोरों पर है। लेकिन उस क्षेत्र के पटवारी या तो अवैध खनन से अनभिज्ञ हैं या उनकी मिली भगत है। तभी तो बड़े पैमाने पर रेत, बजरी, मुरम की भरी हुई ट्रालियां सड़कों पर सरपट दौड़ती हुई दिखाई देती हैं। कुछ दिन पहले हुई थी कार्यवाही फिर वहीं हाल में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली पर राजस्व अधिकारियों ने कार्यवाही कर ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर थाने में खड़े किए थे। तथा उनके ऊपर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई थी जो खनिज विभाग की और से राजस्व वसूली के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ दिए गए। कुछ दिन मामला टंडा हुआ फिर से अवैध खनन का काम जोरों पर है। शासन द्वारा सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी किए जाते हैं। टेंडर की शर्तों के अनुरूप रॉयल्टी युक्त सामग्री का उपयोग। निर्माण कार्य में हो जिससे निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक होकर शासन को राजस्व की आमदनी भी हो सके। लेकिन क्षेत्र की ऐसी कई सड़कें बन चुकी है या बन रही हैं। उन सड़कों में डामर गिट्टी को छोड़ कर सभी सामग्री अवैध तरीके से लगाई गई है। लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है। आखिर अवैध खनन पर रोक कब लगेगी।*

**कार्रवाई की जाएगी**

इनकी जानकारी मुझे भी मिली थी। जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी और अवैध खनन के साथ जो स्टॉक है उसे भी जब्त किया जाएगा।

**मुमताज खान,** खनिज अधिकारी जिला राजगढ़

## बखेड़ केंद्र का मामला

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को धमकाना पड़ा भारी, 3 लोगों पर मुकदमा दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बीते दिनों हुए निर्वाचन के दौरान राजगढ़ विधानसभा के मतदान केंद्र कुछ व्यक्तियों द्वारा मतदान दलों से अनावष्यक बहसबाजी एवं कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया। यहां तक की छोटे से पद वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी धमकाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में आने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लिया एवं संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करवाई है। चुनाव दिवस को सब कुछ ठीकठाक चल रहा था। राजगढ़ विधानसभा के बखेड़ बूथ पर कुछ लोग आकर अनावष्यक दखलंदाजी करने लगी। जब निर्वाचन टीम ने विरोध किया तो उनकी बात भी नहीं मानी गई। बाद में ईवीएम जमा हुई एवं अधिकारियों को सब कुछ बताया गया। इसके उपरान्त युदिष्ठिर मूल रेखा दांगी निवासी बखेड़ की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन व्यक्तियों प्रदीप दांगी, देवकरण दांगी एवं कोमल दांगी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 343 व अन्य के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### यहां फोरलेयर सुरक्षा में ईवीएम

इधर, शासकीय महाविद्यालय एवं स्टेडियम के बीच के बड़े हॉलों में सभी मतदान केंद्रों से आई ईवीएम को चार स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखवाया गया है। बीएसएफ की फोर्स को इनकी सुरक्षा हेतु तैनात करवाया गया है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस बाहरी सुरक्षा देख रही है। यहां एक रजिस्टर भी रखवाया गया है जिसमें आम अगर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी भी अंदर आ रहें तो उनकी भी एंट्री दर्ज की जा रही है।

# बाल विवाह होने से रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह न हो इसके लिए टीमें गठित की गईं हैं। जिला मुख्यालय के साथ-साथ खंड मुख्यालयों पर कंट्रोल रूम गठित किया गया है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, खंड एवं ग्राम स्तर पर अलग अलग समितियां गठित की गईं हैं। जो `बाल विवाह रोकने के दायित्वों का निर्वहन कर रही थीं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक आकांक्षा मरावी ने बताया कि कंट्रोल रूम को ग्राम दुलई में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर अबिलंव करारिया पुलिस थाना पुलिस बल की टीम के साथ विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बालक परिवर्तित नाम चिंटू की उम्र 21 वर्ष से कम पाए जाने पर दंडनीय अपराध से अवगत कराया गया। समझाइश के बाद परिवार ने विवाह रोक दिया।

## वाटर वर्क्स के सामने बनवाई गई है यह आदर्श प्याऊ

# राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष की पहल पर शुरू हुई 'कुटिया प्याऊ'



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और सूर्यदेव अपने पूरे प्रचंड वेग से धरती को तपा रहे हैं। बीते करीब 5 पांच दिनों से दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास बना हुआ है। ऐसे में आमजनों को सुलभ पेयजल मुहैया करवाने राजगढ़ नगर पालिका न नगर में कई जगहों पर प्याऊओं का संचालन शुरू करवाया है।

नपाध्यक्ष विनोद साहू के निर्देशों पर एक आदर्श प्याऊ भी निर्मित करवाई गई है। यहां झौंपड़ी जैसा आकर्षक एवं प्राकृतिक रूप देकर कईं मटके रखवाए गए हैं। यह 'कुटिया प्याऊ' वाटर वर्क्स के ठीक सामने निर्मित करवाई गई है। नगर पालिका एवं पीएचई के ही सेवाभावी कर्मचारियों ने इस प्याऊ को यह रूप दिया है। दिन के समय सैकड़ों लोगों के सूखे कंठों का तर करने का काम यह प्याऊ कर रही है।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान, (तापमान डिग्री/सेल्सियस में)**

| दिनांक | अधि. |
|---|---|
| 11.05.2024 | 43.2 |
| 10.05.2024 | 43.8 |
| 09.05.2024 | 44.0 |
| 08.05.2024 | 44.0 |
| 07.05.2024 | 44.0 |
| 06.05.2024 | 42.6 |
| 05.05.2024 | 42.4 |
| 04.05.2024 | 41.2 |

**लू से बचने करें यह उपाय**

- घर से निकलने पर गमछा, रूमाल मुंह, सिर पर लपेटें।
- गर्मी से आकर एकदम ठंडा पानी न पिएं।
- ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ लें।
- गर्मी से अचानक पंखे, कूलर, एसी में न आएं।
- अनावश्यक धूप में न निकलें।
- लू लगने पर चिकित्सकीय सलाह पर उपचार लें।

# पेंशनर संघ की बैठक आयोजित

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन प्रथम बार नवीन पेंशनर भवन में हुआ। जहां पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने समस्त अतिथियों एवं पेंशनरों का स्वागत करते हुए संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जिसमें वार्षिक कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई एवं प्रतिवर्ष की तरह वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन होना तय हुआ है। जिसमें जिले के समस्त पेंशनरों को आमंत्रित किया जाएगा तथा वार्षिक सदस्यता राशि बढ़ाने का निर्णय एवं वार्षिक आय-व्यय पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसका सभी ने सर्वानुमति से अनुमोदन किया। बैठक के अध्यक्ष सेवानिवृत्ति उपायुक्त बीरम सिंह चैहान, विशेष अतिथि पूर्व एसडीएम आर एन कुशवाहा, ठाकुर मोहनसिंह जमींदार आर आई ,वरिष्ठ शिक्षक रामचंद्र वर्मा रहे, जहां बैठक में शमशेर खान मंत्री, एम एल अहीरवाल ने आवश्यक सुझाव दिए तथा मतदान की अनिवार्यता पर भी जोर दिया सभी अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें एवं प्रजातंत्र के महायज्ञ को सफल बनाएं। बैठक में प्रमुख रूप से सेवानिवृत शिक्षक पंडित श्यामसुंदर शर्मा, देवीलाल चैहान ,मोहनलाल हिंडोनिया, चुन्नीलाल कुशवाहा, जेसी गुप्ता, बीएल मेवाड़ा ,आरसी चैरसिया के एल वाल ,कंवरलाल जाटव शीला विद्या, श्रीमती रेखा पंचोली सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। अंत में आभार पंडित दिनेश चंद्र नगर ने व्यक्त किया।

# बच्चों का जीवन बचाने चिकित्सक भोपाल से स्वयं ले आए इंजेक्शन

## इंजेक्शन लगने के बाद बच्चे पूरी तरह सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गुरुवार को राजगढ़ नगर में दो बड़ी घटनाएं हुईं, जिनमें दो नन्हे बच्चों को आवारा कुत्ते ने हमला कर कई जगहों पर काट लिया। इन दोनों बच्चों को उनके परिजन तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए थे, जहां प्राथमिक रूप से मरहम पट्टी आदि की गई।

चूंकि, घाव बड़े थे ऐसे में रेबीज इंजेक्शन के अलावा भी इम्युग्लोबिन नामक इंजेक्शन की बहुत ज्यादा आवश्यकता थी। इसके अभाव में कुत्ते के काटने से पीड़ित किसी भी व्यक्ति/बच्चे को कुत्ते के पागलपन जैसी बीमारी हो जाया करती है। नगर के कुछ प्रबुद्धजनों ने शाजापुर व आसपास के जिलों में इस इम्युग्लोबिन इंजेक्शन को तलाश करवाया लेकिन वो नहीं मिल पाया।

नगर के त्रिपाठी हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजन त्रिपाठी ने बीमारी की गंभीरता को समझा और शुक्रवार दोपहर वे एवं पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया दोनों स्वयं भोपाल गए और वहां से इम्यूग्लोबिन नाम के इस इंजेक्शन को लेकर आए और देर रात्रि बच्चों को यह इंजेक्शन लगवा दिए गए। अब बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### कुत्ते ने इन दो मासूमों को बनाया था शिकार

गांव निवासी देवीसिंह अपनी पत्नी के उपचार के लिए गुरुवार को राजगढ़ आए। वे अपने 5 साल के बच्चे और पत्नी को साथ लेकर एक निजी क्लीनिक जा रहे थे। इस दौरान एक आवारा पागल कुत्ते ने बच्चे पर हमला करते हुए उसके पैर और सिर में काट लिया। घाव इतना तीव्र था कि सिर में 15 टांके लगवाने पड़े। इसी तरह राजगढ़ के कालाखेत मोहल्ला 3 वर्षीय आमिर को भी इसी दिन एक कुत्ते ने काट लिया। आमिर घर के बाहर खेल रहा था तभी कुत्ते ने पीछे से हमला बोला और कमर के पीछे कई जगहों पर काट लिया।

# गीता मानस प्रचार समिति में 7 दिवस तक बहेगी धर्मगंगा

## कई सालों बाद रात्रि में आरंभ हुआ यहां कथावाचन



**राजगढ़।** नगर के सबसे प्राचीन पारायण चौक में 10 मई से श्रीमद भागवत कथा आरंभ हुई। कथा आरंभ के पूर्व यहां कलश यात्रा निकाली गई। रात्रि में व्यासपीठासीन संत भृगुसिद्ध पं. नरेंद्र नागर भक्तों को इस कथा का श्रवण करवा रहे हैं। बहुत दिनों बाद रात्रि में पाराण समिति में रात्रि में कथा आयोजन आरंभ हुआ है। कथा के प्रथम दिवस संतश्री ने मानव मात्र जीवन से जुड़ी अनेकों कथाएं श्रद्धालुओं को बताईं। उन्होंने कहा कि दुःख ईश्वर नहीं देता बल्कि व्यक्ति स्वयं, स्वयं के लिए पैदा करता है। ईष्वर को अगर दुख देना होता तो वे आपको इस धरती पर ही नही उतारते। उन्होंने सर्व कल्याण की भावना के साथ व्यक्ति को इस धरती पर जन्म दिया है परन्तु आज व्यक्ति स्वयं के हितार्थ ही सोच रख रहा है। इस कथा हेतु ईष्वर भंडारा गली निवासी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को माध्यम बनाया है। वे एवं उनकी टीम ही पुनीत कार्य के भागीदार बन रहे हैं।

### कथा श्रवणकर्ताओं को अनेक व्यवस्थाएं

गीता मानस प्रचार समिति के परिसर में इस कथा का आयोजन रात्रि में इसलिए आरंभ करवाया गया चूंकि दिन में गर्मी की अत्यधिक तीव्रता है। आधिकाधिक लोग इस पुनीत कथा का लाभ ले सकें इसके लिए से रात्रिकालीन कथा रखवाई गई।



# संकट मोचन बालाजी का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया

**जीरापुर।** नगर के पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के संकट मोचन हनुमान (बालाजी) का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। विगत 25 वर्ष पूर्व मंदिर परिसर में बालाजी कि प्राण प्रतिष्ठा की गई थी जहां पर नियमित रूप से प्रतिदिन धार्मिक आयोजन पुजा अर्चना आरती का आयोजन चलता आ रहा है।

### 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया



इस पावन अवसर पर पूरे मंदिर पर विद्युत साज सज्जा की गई तथा बालाजी का विशेष आकर्षक श्रंगार किया गया। रात्रि में श्री राम भक्त हनुमान सुंदरकांड समिति के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर सुंदरकांड पाठ श्रवणकर लाभ प्राप्त किया। सुंदरकांड के प्रमुख यजमान मोहनसिंह हेड साहब थे। जहां पर मंदिर पुजारी पं. अनुराग शर्मा आचार्य। पुजारी पं.नीतेश शर्मा ने मंदिर पर पूजन करवाया।

# शिशु मंदिर में हुआ पूर्व प्राचार्य और नवीन प्रधानाचार्य सम्मान समारोह

## अंयत्र स्थानांतरित हुए शिक्षाविद्वों के कार्यों की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



नगर के बड़ाबाग मंदिर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में शनिवार को पूर्व प्राचार्य लोकेंद्र सिंह मेवाडे. एवं नवीन प्रधानाचार्य श्रीमति ममता शर्मा का सम्मान समारोह शिशु मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया।

एक वर्ष पूर्ण करने के बाद लोकेंद्र सिंह मेवाड़े का छापीहेड़ा शिशु मंदिर में स्थानांतरण हो गया। वहीं नगर के शिशु मंदिर से नवीन प्रधानाचार्य बनी श्रीमति ममता शर्मा ने मधुसूदनगढ़ शिशु मंदिर में पद संभाला। दोनों ही आचार्य का विद्यालय परिवार एवं समिति परिवार ने प्रतीक चिन्ह एवं शाल श्रीफल के साथ मंगल तिलक कर सम्मान किया एवं उनके अच्छे कार्यों की प्रशंसा की। पदोउन्नति कर मधुसुदनगढ गई श्रीमति शर्मा ने बताया कि मैनें 22 वर्ष पूर्व शिक्षिका के रूप मे विद्यार्थियां को पढ़ाना प्रारंभ किया था। मेरे ससुराल में यहां सभी ने शिक्षा दी है। उसी से प्रेरित होकर मैनें भी इस क्षेत्र में पूरे मन से सेवा की हैं। मेरी बेटी शादी के पूर्व शिशु मंदिर का हिस्सा रही। मैनें इस विद्यालय को हमेशा अपना परिवार माना है। 22 वर्ष पूर्व हमारा छोटा सा विद्यालय हुआ करता था। अब बड़ी बिल्डिंग है। समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने भी उद्बोधन दिया।

**यह रहे मौजूद**

*इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य शिवराजसिंह चौहान, समिति व्यवस्थापक भागीरथ धनगर, समिति के अन्य सदस्य कुलदीपसिंह राठौर, विपिन मिश्रा, इंदरसिंह सौंधिया, कामेश नामदेव, अरुण शर्मा, ब्रजेश वर्मा, श्रीमति शिखा मनोज मिश्रा, श्रीमति सरिता अशोक पालीवाल एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।*